# *Delhi Public School, Howrah*

**PERIODIC ASSESSMENT-I (2024-2025)**
**Class-VIII**

***Care must be taken not to write anything on the question paper. All the questions must be attempted in the correct sequence.***

**SUBJECT: HINDI (2ND LANGUAGE)**

**अवधि:- 1 घंटा 30 मिनट** **कुल अंक- 40**

**सामान्य निर्देश :-**

**I. इस प्रश्नपत्र के चार खंड हैं - क, ख, ग और घ ।**

**II.चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

**III. लेखन कार्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखिए ।**

## (खंड-क, अपठित गद्यांश)

**1. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **1X5=5**

भारतवर्ष अनेकता में एकता का एक सर्वोत्तम उदाहरण है। भूगोल ने इस देश को अनेक विविधताओं में बाँटा हुआ है। कहीं बर्फ से ढके पहाड़ हैं, तो कहीं मीलों फैले रेगिस्तान, कहीं हरे-भरे मैदान हैं, तो कहीं कल-कल करती नदियाँ। यहाँ हर ऋतु क्रमानुसार अपने रंग बिखेरती है। भारत में अनेक धर्म और संप्रदाय हैं, अनेक भाषाएँ और बोलियाँ हैं, कई त्योहार, रीति-रिवाज़ और खान-पान हैं। इतनी विभिन्नताओं के बाद भी हममें एकता है। हम सब भारतवासी हैं, हमारी संस्कृति एक है, हम भावनात्मक रूप से एक हैं। अनेक बाह्य शक्तियों ने हम पर समय-समय पर आक्रमण किए, हमने एकजुट होकर उनका मुकाबला किया और अपनी पहचान को कायम रखा। हमने दूसरी संस्कृतियों के सद्‌गुणों को भी आत्मसात् किया है, परंतु उनके रंग में डूबे नहीं। भारत एक ऐसा देश है, जहाँ लोग अपने धर्म तथा सांस्कृतिक मान्यताओं का पालन स्वतंत्रतापूर्वक करते हैं, परंतु संसार में अपनी पहचान भारतवासी के रूप में ही धारण करके चलते हैं।

**सोपान I. बहुविकल्पीय प्रश्न-**

**I. भारतवर्ष किस विशेषता का सर्वोत्तम उदाहरण है?**

(क) अनेकता में एकता का (ख) एकता में अनेकता का

(ग) भाषा के स्तर पर अलगाव (घ) संपन्नता का

**II. हमारी संस्कृति एक है, क्योंकि-**

(क) हम भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में रहते हुए भी भारत के हैं

(ख) हमारी सभ्यता एक है

(ग) हम भावनात्मक रूप से एक हैं

(घ) इनमें से कोई नहीं

**III. दूसरी संस्कृतियों का हम पर क्या प्रभाव पड़ा?**

(क) उनके सद्‌गुणों को आत्मसात किया

(ख) उनके रंग में डूब गए

(ग) अपनी पहचान को कायम रखा

(घ) सद्‌गुणों को आत्मसात किया, परंतु उनके ढंग में डूबे नहीं

**सोपान II. अति लघु प्रश्न-**

**IV. अनेक बाह्य शक्तियों ने क्या किया और हमने क्या किया ?**

**V. प्रस्तुत गद्‌यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।**

## अपठित काव्यांश

**2. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 1X5=5**

चलें गाँव की ओर, जहाँ पर हरे खेत लहराते,
मेड़ों पर हैं कृषक घूमते, सुख से बिरहा गाते।
गेहूँ, चना, मटर जो सिर पर लेकर भार खड़े हैं,
बीच-बीच में प्रहरी जैसे दिखते वृक्ष अड़े हैं।
चलें गाँव की ओर, झोंपड़े जहाँ झुके धरती में,
तरु के नीचे खेल रहे हैं, बच्चे निज मस्ती में।

कटि पर लिए गगरिया गोरी आती है बलखाती,
देख किसी गुरुजन को सम्मुख सहसा शरमा जाती।
चलें गाँव की ओर उठ रहा जहाँ धुआँ लहराता।
थके कृषक को साँझ समय, जो घर की ओर बुलाता।
रूखा-सूखा ही भोजन है, पर वह स्नेह सना है,
इसीलिए तो तोष दे रहा, अमृत तुल्य बना है।

**सोपान I. बहुविकल्पीय प्रश्न-**

**I. कवि कैसे गाँव की ओर चलने की बात कह रहे हैं?**

(क) जहाँ हरे खेत लहराते हैं
(ख) जहाँ मेड़ों पर कृषक घूमते हैं
(ग) जहाँ किसान सुख से बिरहा गाते हैं
(घ) उपरोक्त सभी

**II. खेतों के बीच में उगे हुए वृक्ष कैसे प्रतीत होते हैं?**

(क) गाते हुए
(ख) बोझ लेकर खड़े हुए
(ग) प्रहरी के समान
(घ) झुके हुए से

**III. 'गगरिया' शब्द का अर्थ है-**

(क) घाघरा (ख) घड़ा

(ग) प्रहरी (घ) युवती

**सोपान II. अति लघु प्रश्न-**

**IV. साँझ के समय थके कृषक को कौन बुलाता है?**

**V. युवती के शरमाने का क्या कारण है?**

## (<u>खंड-ख, व्याकरण</u>)

**3. निम्नलिखित शब्द के तद्भव रूप लिखिए। 1X1=1**

क) भगिनी -

**4. निम्नलिखित शब्द के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए । 1X1=1**

क) आदर-

**5. कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। 1X1=1**

क) हमारे प्रधानाचार्य ने वार्षिकोत्सव में आए मुख्य अतिथि का ............ किया। (अभिनंदन/स्वागत)

**6. निम्नलिखित शब्द के विलोम लिखिए। 1X1=1**

क) आरोप X

**7. निम्नलिखित शब्द-युग्मों का वाक्य में प्रयोग इस प्रकार कीजिए कि उनके अर्थ का अंतर स्पष्ट हो जाए। 1X2=2**

क) अभय -

ख) उभय -

**8. निम्नलिखित एक शब्द के लिए अनेक शब्द लिखिए। 1X1=1**

क) अनुकरणीय -

**9. निम्नलिखित वाक्य में रंगीन मोटे पद के कारक बताइए- 1X1=1**

क) **<u>साधुओं</u>** को भिक्षा दो।

## (<u>खंड-ग, पाठयपुस्तक</u>)

**10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>3</u> के उत्तर (25-30) शब्दों में दीजिए। 2X3=6**

क) मशीनी युग से आप क्या समझते हैं? बदलू ने मशीनी युग के बारे में लेखक से क्या कहा?

ख) कवि ने अपने आने को 'उल्लास' और जाने को 'आँसू बनकर बह जाना' क्यों कहा है?

ग) 'प्रत्येक नागरिक देश का सिपाही है'-कैसे?

घ) बदलू की किस बात से लेखक को उसकी स्वाभिमानी पर गर्व हो आया?

## (<u>भारत की खोज</u>)

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>3</u> के उत्तर (25-30) शब्दों में दीजिए। 2X3=6**

क) नदियों के बारे में नेहरू जी का क्या कहना है ?

ख) अब कौन-सी अवधारणा और अधिक विकसित हो गई है ?

ग) नेहरू जी ने कुदाल छोड़कर कलम क्यों उठाई?

घ) लेखक का स्थायी सहचर कौन था और उसे वह क्या क्या याद दिलाता था?

## (<u>खंड-घ, रचनात्मक लेखन</u>)

**12. जल-भराव के कारण आपके इलाके में मच्छरों से होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए। 5X1=5**

**अथवा**

**समय पर काम समाप्त करने का महत्त्व बताते हुए छोटे भाई को पत्र लिखिए।**

**13. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी <u>एक</u> विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए- 5X1=5**

**क) विपति कसौटी जे कसे तेई साँचे मीत**

**संकेत बिंदु -** भूमिका, सूक्ति का अर्थ, सच्चे मित्र की पहचान, मित्रता का उद्देश्य, सच्ची मित्रता सफलता का आधार, विभिन्न उदाहरण, स्वार्थी मित्र से हानि, निष्कर्ष ।

**ख) जियो और जीने दो**

**संकेत बिंदु -** भूमिका, जीवन एक कला, जीवन की सार्थकता, जीवन का आनंद, वर्तमान समय में स्वार्थ की वृद्धि, धैर्य, संतोष, प्रेम का अभाव, जीवन-यापन की शैली- 'जियो और जीने दो', निष्कर्ष।

**ग) प्रेम का पथ निराला**

**संकेत बिंदु -** भूमिका, प्रेम का स्वरूप, प्रेम के अनेक प्रकार, प्रेम में समर्पण, प्रेम का पथ निराला, बाधाओं का सामना, आत्मा का मिलन, विभिन्न उदाहरण, निष्कर्ष ।